## एक नजर में

### 52 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**नवभारत न्यूज, पचोर 08 मई, सं.** 6 मई को ग्राम खाताखेड़ी में द्वितीय आदर्श क्षेत्रीय पाटीदार समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ जिसमें 52 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे. बड़ी संख्या में रिश्तेदार, परिजन, समाज बंधुओं एवं जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन शामिल हुए. वरिष्ठ व्यवसायी द्वारका प्रसाद गांधी सहित गणमान्य नागरिकों ने नव दम्पत्तियों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया गया.

### कलेक्टर ने रेडक्रॉस से दी आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 08 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सुमन वर्मा को 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदाय की गई. आवेदिका के द्वारा बताया गया कि आरोग्य अस्पताल के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगी हैं. जिसमें आवेदिका के पैर की हडडी टूट गई. वर्तमान में आवेदिका का ईलाज आरोग्य अस्पताल में चल रहा हैं. आवेदिका के परिवार के आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं हैं.



### कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़ 08 मई, का.** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एक कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन आजीविका भवन राजगढ़ में किया गया. पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी आतिश कुमार राउत महाप्रबंधक, बृजलाल गुप्ता सर्कल हेड उज्जैन और विशाल यादव उपसर्कल हेड उज्जैन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 15 स्वीकृति पत्र) वितरित किए गए, जिनकी कुल राशि 2 करोड़ रुपये थी.

### फसलों की बोवनी हेतु खाद का पर्याप्त भंडार

**राजगढ़ 08 मई, का.** आगामी खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारी हेतु जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केन्द्रवार, निजी दुकानदार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है. जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिलें में खाद की स्थिति इस प्रकार है. 20459 मेट्रिक टन यूरिया, 5467 मेट्रिक टन डीएपी, 7937 मेट्रिक टन एनपीके, 12024 मेट्रिक टन एसएसपी एवं 356 मेट्रिक टन पोटाश खाद उपलब्ध है. उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा आग्रह किया है कि किसान भाई अपनी आवश्यकतानुसार अपनी सोसायटी, मनपसंद दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर खाद ले सकते है. ई-विकास प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान, मृतक किसान के वारिसान को, धार्मिक संस्थान, ट्रस्ट, आदि की जमीन के लिए खाद उपलब्ध कराने हेतु सुविधा दी गयी है. खरीफ फसलों की बोवनी हेतु फसलों की अनुशंसित खाद की मात्रा अनुसार यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी, पोटाश खाद की पूर्ण मात्रा को एक बार में ही उठा सकते है. यदि किसान चाहे तो पुन: पोर्टल पर प्रक्रिया का पालन कर अपनी मर्जी अनुसार खाद बुक कर अपनी सुविधानुसार उठा सकते है.

# आरटीओ से लॉक बस में ढो रहे स्कूली बच्चे

## आरोप : सांठगांठ कर बिना बीमा और फर्जी दस्तावेजों वाली बस चला रहे

### संचालक के खिलाफ सीएम और डीजीपी से शिकायत




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 08 मई, का. उज्जैन आरटीओ द्वारा लॉक की गई एक बिना बीमा और अवैध दस्तावेजों वाली बस से स्कूली बच्चों को ढोकर उनकी जान के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है. यह गंभीर लापरवाही राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम विसारती स्थित केरियर पब्लिक हाई स्कूल के प्रिंसिपल सतीश कुमार राठौर पिता सुरेश चंद्र राठौर द्वारा की जा रही है.**

मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने इस मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, शिक्षा मंत्री और डीजीपी को पत्र लिखा है. उन्होंने स्कूल संचालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की है.

**फर्जी एनओसी से रजिस्टर्ड थी बस, उज्जैन आरटीओ ने की थी लॉक** मनीष सिंह चौहान ने बताया कि स्कूल में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए जिस बस क्रमांक एमपी 13 जेडी डब्ल्यू 6130 का उपयोग किया जा रहा है, उसे उज्जैन आरटीओ ने 23 जून 2025 को लॉक कर दिया था. इस वाहन का टीसी आदेश क्रमांक 116, 2025 है. दरअसल उज्जैन आरटीओ द्वारा थोकबंद फर्जी एनओसी के आधार पर कई गाड़ियां पंजीकृत की गई थीं जिनमें से एक यह भी थी. इस गाड़ी का असली नंबर एचआर 63 बी 9257 है जो हरियाणा पासिंग की बताई जाती है। वर्तमान में बस का न तो बीमा है और न ही इसका कोई मान्यता प्राप्त दस्तावेज है.

### मान्यता रद्द नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

दलालों से समझौता होने के बावजूद स्कूल संचालक ने बच्चों को इस अवैध और असुरक्षित बस से लाना-ले जाना बंद नहीं किया है. रोजाना मासूम बच्चों के जीवन को खतरे में डाला जा रहा है. न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले इस स्कूल संचालक के विरुद्ध जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं की गई और स्कूल की मान्यता रद्द नहीं की गई, तो संगठन द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा.

### लेन-देन कर माधव नगर थाने में बदल दिए बयान

प्रिंसिपल सतीश कुमार राठौर को इस बात की पूरी जानकारी है कि गाड़ी का पंजीयन उज्जैन आरटीओ द्वारा लॉक किया जा चुका है। शुरुआत में उन्होंने बस बेचने वाले एजेंटों के खिलाफ उज्जैन पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन दिया था. लेकिन बाद में स्कूल संचालक और बस दलालों के बीच सांठगांठ हो गई। बस बेचने वालों से 5 लाख 50 हजार रुपए का समझौता हुआ जिसमें से 5 लाख रुपए की राशि संचालक को प्राप्त हो गई और 50 हजार रुपए का चेक बाउंस हो गया. इसके बाद स्कूल संचालक ने उज्जैन के माधव नगर पुलिस थाने में बस बेचने वाले दलालों के पक्ष में अपने बयान दर्ज करवा दिए.



# पेड़ पर फंदे से लटका मिला ग्रआमीण व्यक्ति का शव

## चांदबड़ गांव में तीन दिन पूर्व घर से निकला था ग्रामीण



नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़/ब्यावरा 08 मई, सं. नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम चांदबड निवासी एक ग्रामीण का शव शुक्रवार को ब्यावरा स्थित गुना रोड पर खानपुरा के समीप रेलवे ट्रेक के निकट पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है, वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है.**

जानकारी के अनुसार नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम चांदबड निवासी रमेश दांगी पिता दयाराम उम्र करीब 58 वर्ष का शव गुना रोड पर खानपुरा के समीप रेलवे ट्रेक के निकट एक पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला. जानकारी लगते ही सिटी पुलिस मौके पर पहुंची. शव को सिविल अस्पताल लाया गया. जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए भोपाल से विशेष तौर पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया. टीम द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गये. पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर मामले की तत्परता के साथ जांच की जा रही है.

### कपड़े पर मिले खून के निशान

परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषी को सख्त सजा दिए जाने की मांग की है. बताया जाता है कि ग्रामीण तीन दिन पूर्व अपने घर से कहीं जाने के लिए निकला था. मृतक के गर्दन एवं हाथ के यहां चोट के निशान होना बताया जाता है, कपड़े पर खून के निशान भी



# जनगणना में शत-प्रतिशत कार्य करने वाले सम्मानित

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 08 मई, सं.** जनगणना कार्य के तहत डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी डॉ. ज्योति राजोरे द्वारा निरीक्षण किया गया. निरीक्षण में ग्राम मेलखेड़ी एच एल बी-184 के जनगणना कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान तहसील कार्यालय में जिन प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर तहसीलदार कमलसिंह सोलंकी द्वारा तहसील जीरापुर की जनगणना कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर आश्वासन दिया कि जीरापुर तहसील जिले में सबसे पहले जनगणना कार्य पूर्ण करने हेतु प्रयासरत है. इन मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रगणकों को सम्मानित किया. इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स रईस मोहम्मद मंसूरी, निर्मल सिंह पवांर, प्रणव खुजनेरी, नवनीत गुप्ता पर्यवेक्षक अनिल पुष्पद, दीपक पवांर, अमित भावसार, बद्रीलाल मालवीय और प्रगणक नरवर सिंह परमार, नारायण सिंह लववंशी को सम्मानित किया गया. नगर परिषद के 15 वार्डों में 29 गणना ब्लॉक बनाए जहां पर 5 सुपरवाइजर के निर्देशन में 26 प्रगणक मकान सूचीकरण काम कर रहे ?। इनमें से गणना ब्लॉक 14 के प्रगणक जितेन्द्र मालवीय एवं सुपरवाइजर नवनीत गुप्ता तथा गणना ब्लॉक 07 के प्रगणक गिरीराज गुप्ता एवं सुपरवाइजर अमित भावसार ने शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण पर सीएमओ हरीओम शर्मा द्वारा सम्बंधित प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की सराहना की. डिप्टी कलेक्टर डाक्टर ज्योति राजोरे ने पुष्प माला एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. जनगणना प्रभारी शहरी कमल भावसार, तकनीकी सहायक ईश्वर राठौर, प्रभारी ग्रामीण शिवनंदन मण्ड़लोई उपस्थित रहे.

### उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित

समीपवर्ती ग्राम गोघटपुर विधालय में पदस्थ शिक्षक द्वारा जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किये गये. जनगणना कार्य 100 प्रतिशत होने पर तहसीलदार कमलसिंह सोलंकी प्रगणक नारायण सिंह लववंशी, विष्णु प्रसाद जाटव, गोपाललाल सुथार, एवं सुपरवाइजर प्रेम सिंह वर्मा, संजयकुमार मंडलोई का कार्य 100 प्रतिशत होने पर तहसील सम्मानित किया गया. तहसीलदार ने कहा कि जनगणना जेसे महत्वपूर्ण कार्य को पूरा जिम्मेदारी से निर्वहन करना बहुत अच्छा है.

# श्रेष्ठ कार्य करने पर प्रगणकों का सम्मान

**सारंगपुर 08 मई, सं.** राष्ट्रीय महत्व के मिशन जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर पालिका कर्तव्यनिष्ठा और समयबद्धता की एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे के निर्देशन में उन प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया, जिन्होंने अपना आवंटित कार्य 100 प्रतिशत शुद्धता के साथ समय सीमा से पूर्व ही पूर्ण कर लिया है. सम्मानित होने वाले प्रगणक और पर्यवेक्षक कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका सामान्य शाखा प्रभारी श्याम चौरसिया एवं तकनीकी सहायक आशिष पांडेय की उपस्थिति में अग्रिम कार्य पूर्ण करने वाले महिला बाल विकाश की आंगनवाडी कार्यकर्ता सलमा बी, शबीना बी, सोनू पाल, फरीदा अली, महेश वर्मा, राकेश अहिरवार पगणकों का अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही, उनके कुशल मार्गदर्शक रहे पर्यवेक्षकों डॉ. मोहम्मद वसीम शेख, डॉ. विमल लोदवाल, प्रीतम गुनावा, महेश नागर और नरसिंह शर्मा को भी बेहतर मॉनिटरिंग के लिए सम्मानित किया गया.

श्री रानवे ने अन्य प्रगणकों को प्रेरणा देते हुए कहा कि गणना के दौरान क्वालिटी और त्रुटिहीनता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए.

### आपत्तियां 7 दिवस के अंदर आमंत्रित


**राजगढ़.** महिला एवं बाल विकास द्वारा बताया गया कि जिले की महिला एवं बाल विकास परियोजना खिलचीपुर में 27 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर एमपी ऑनलाईन के चयन पोर्टल के माध्यम से विज्ञापन जारी किया गया था. जिसमे 27 आंगनवाडी केन्द्रों पर चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदकों के आवेदन आमंत्रित किये गये थे. खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक उपरांत आंगनवाडी केन्द्रों की चयन पोर्टल के माध्यम से अनंतिम सूची का प्रकाशन 06 मई को किया गया है.

# प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विराजे खाटू श्याम और रामदेवजी

नवभारत न्यूज

**कुरावर 08 मई, सं. झाडला के समीप ग्राम जसापुरा में शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ पंच कुण्डीय यज्ञ का समापन हुआ. यज्ञ में दो लाख इक्यावन हजार वेद मंत्रो के साथ पूर्ण आहुति हुई. सर्व प्रथम भगवान श्री राम, श्री खाटू श्याम और रामदेवजी की प्राण प्रतिष्ठा की गई.**

गांव में गंगा यात्रा निकाली गई. गंगा यात्रा की शुरुआत बड़ी कुण्डी पर स्थित माता मंदिर से हुई जो कि गांव के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी. गंगा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. जयकारों के साथ समूचा वातावरण धर्ममय हो गया. यज्ञ 2 मई से शुरू हुआ जो की शुक्रवार तक जारी रहा. यज्ञ के साथ ही प्रतिदिन भागवत कथा का आयोजन भी हुआ. कथा वाचक कैलाश नारायण द्वारा द्वारा कथा की गई. यज्ञ स्थल पर महाआरती हुई और प्रसादी वितरण हुआ. महाआरती में विधायक प्रतिनिधि बबलू शर्मा शामिल हुए. यज्ञ के मुख्य आचार्य रमेश चन्द्र नागर ने कहा की यज्ञ करने और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन से सुख, वैभव और धन धान्य की पूर्ति होगी. यज्ञ उपआचार्य रामबाबू नागर ,यज्ञ ब्रह्मा अपूर्व शास्त्री और उनकी टीम द्वारा महायज्ञ संपन्न कराया गया.




# हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा के 27वें वर्ष पर सुंदरकांड पाठ किया

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 08 मई, सं. नगर के मध्य स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ के द्वारा सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ.**

सुंदरकांड पाठ का आयोजन मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 27वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था. गौरतलब है कि दिनांक 7 मई 1999 को संकट मोचन हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी. जहां पर मंदिर पुजारी के रूप में सेवा पूजा का कार्य पंडित नितेश कुमार शर्मा एवं परिवार जन करते आ रहे हैं. इस दौरान मंदिर के सेवक सेवानिवृत्त पुलिस एएसआई मोहन सिंह राजपूत ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया. नगर की प्रसिद्ध श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ के संयोजक पंडित श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ आयोजित होता आ रहा है. सुंदरकांड पाठ में कथावाचक पं.अनुराग शर्मा भी शामिल हुए



**उत्पादन** इस रबी सीजन में 18 से 20 लाख मीट्रिक टन पहुंचा जिले का गेहूं उत्पादन

# गेहूं उत्पादन वाले टॉप टेन जिलों में शामिल राजगढ़

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 मई, का. राजगढ़ जिले में गेहूं का रिकार्ड उत्पादन होना सामने आया है. 18 से 20 लाख मेट्रिक टन गेहूं का इस रबि सीजन में उत्पादन हुआ है. इस तरह राजगढ़ जिला प्रदेश के गेहूं उत्पादन वाले टॉप टेन जिलों में शामिल हो गया है.**

कृषि विभाग के अनुसार इस रबि सीजन में जिले में गेहूं का उत्पादन 18-20 लाख मैट्रिक टन हुआ है. जबकि गत वर्ष गेहूं उत्पादन का आंकड़ा लगभग 15 लाख मेट्रिक टन के आसपास रहा था. इस तरह गत वर्ष की तुलना में उत्पादन में काफी बढ़ोत्तरी हुई है.

**नवीन तकनीक भी अपना रहे** जानकारी के अनुसार जिले में कृषि विभाग अमले के द्वारा प्रचार- प्रसार किया जाकर खेती की नवीन तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है. साथ ही किसानों के द्वारा नवीन तकनीक अपनाने, प्राकृतिक एवं जैविक खेती का रकबा बढ़ने आदि के चलते जिले में गेहूं फसल का उत्पादन काफी बढ़ा है. इन सब कारणों के चलते राजगढ़ जिला मध्यप्रदेश के प्रमुख गेहूं उत्पादन जिले में शामिल हुआ है.

**खरीदी केन्द्रों एवं मंडियों में बम्पर आवक** जिले में गेहूं के रिकार्ड उत्पादन का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों एवं कृषि मंडियों में वर्तमान समय में गेहूं की बम्पर आवक हो रही है, हालात यह है कि खरीदी केन्द्रों पर लम्बी-लम्बी लाइने लग रही है. भीषण गर्मी में लम्बी लाइनों में लगकर पसीना बहाना पड़ रहा है. तीन-तीन दिन में भी नम्बर नहीं आने से किसान काफी परेशान नजर आ रहे है. खरीदी केन्द्रों के बाहर ट्रेक्टर ट्रॉलियों की लम्बी कतारें देखी जा सकती है. कई खरीदी केन्द्रों के वेयर हाऊस पैक होने के बाद अन्यत्र जगह खरीदी केन्द्रों को शिफ्ट किया गया है. जिले में लगभग 40 वेयर हाऊस पैक हो गये है.



### पानी की पर्याप्तता से उत्पादन में वृद्धि

जिले में स्थापित डेम से पानी की पर्याप्त मात्रा के चलते गेहू फसल का उत्पादन काफी बढ़ा है. मोहनपुरा,कुंडलियां क्षेत्र में किसानों के द्वारा स्प्रिंकलर,सूक्ष्म सिंचाई का प्रयोग किया जा रहा है. साथ ही गेहूं की नवीन किस्में जो अधिक उत्पादन देती है, उसके उत्पादन से भी गेहूं का

### ढाई लाख मीट्रिक टन से अधिक की खरीदी

**ब्यावरा 08 मई, का.** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का कार्य किया जा रहा है. जिले के खरीदी केन्द्रों पर उपज से भरे वाहनों की लम्बी कतारे लगी हुई है, शुक्रवार तक जिले में ढाई लाख मेट्रिक टन से अधिक



गेहूं की खरीदी की जा चुकी थी. उल्लेखनीय है कि जिले के 108 केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है. 8 मई को शाम 4.11 बे तक जिले में कुल 2 लाख 52 हजार 200 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी थी. करीब 53 हजार 892 किसानों के द्वारा अब तक गेहूं का विक्रय किया गया है. विदित है कि इस बार जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का लक्ष्य करीब 4 लाख मेट्रिक टन बताया जाता है. खरीदी केन्द्रों पर गेहूं की बम्पर आवक हो रही है. केन्द्रों पर दूर-दूर तक गेहूं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉलियों की लम्बी-लम्बी लाइने देखी जा सकती है. तीन-तीन दिन तक नम्बर नहीं आ पा रहा है. गर्मी के प्रकोप के बीच काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है.

### प्रतिभा निखारने समर कैंप आयोजित

**खिलचीपुर 08 मई, सं.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शिवदर्शन भवन काका कॉलोनी खिलचीपुर द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक संस्कारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया. यह समर कैंप 7 मई से 9 मई 2026 तक प्रतिदिन शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे तक आयोजित हुआ.

समर कैंप में बच्चों को मनोरंजक खेलों, डांस, गीत-संगीत, योग, मेडिटेशन, ड्राइंग, मोटिवेशनल एक्टिविटी एवं आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से अच्छे संस्कार प्रदान किए गए.

इस दौरान ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों की अत्यंत आवश्यकता है. मनोज शर्मा, निर्भयता पर प्रकाश डाला , भ्राता बृजराज जी बागड़ी ने पर्यावरण को कैसे बचाएं इस पर प्रकाश डाला गया. इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नीलम,ब्रह्माकुमारी मधु,नीलिमा श्रीवास्तव, बृजराज जी बागड़ी, मनोज शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं नगरवासी उपस्थित रहे.

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**

हॉस्टल के लिए चौकीदार, खाना बनाने वाली बाई एवं वार्डन की आवश्यकता है. वेतन योग्यता अनुसार. रहना खाना फ्री.

**संपर्क** – के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल राजगढ़ **मोबाइल 9827869751 बिल 22 मई**

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27

प्रथम चरण ( कॉलेज कोड - 384 )

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातंक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026